
Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment, Property, Business Opportunity, Vehicles, Announcements, Antiques & Collectables, Barter, Books, Computers, Domain Names, Education, Miscellaneous, Entertainment & Event, Hobbies & Interests, Services, Jewellery & Watches, Music, Obituary, Pets & Animals, Retail, Sales & Bargains, Health & Sports, Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# उनकी सरकार ने प्रदेश में बनाया भ्रष्टाचार का रिकार्ड

**निशाना**

## भाजपा के मंत्री सुबोध उनियाल ने हरीश रावत पर साधा निशाना

**संवाददाता**

लैंसडौन (पौड़ी)। भाजपा की संकल्प यात्रा में काबीना मंत्री सुबोध उनियाल ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पर जमकर निशाना साधा। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्रवासियों से भाजपा की संवेदनशील सरकार को फिर से चुनने का आह्वान किया है।

बुधवार को भाजपा की संकल्प यात्रा का पर्यटन नगरी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। गांधी चौक में जनसभा को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री सुबोध उनियाल ने पूर्व मुख्यमंत्री पर शराब व खनन माफिया होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा की हरिश रावत की सरकार ने प्रदेश में भ्रष्टाचार का रिकार्ड बनाया। उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए क्षेत्रीय जनता से प्रदेश की संवेदनशील सरकार बनाने के लिए चुनाव में भाजपा को विजयी बनाने का आह्वान किया।



इस दौरान पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा की भाजपा की डबल इंजन सरकार के कारण ऋषिकेश कर्णप्रयाग तक रेल लाइन, चार धामों को डबल लेन सड़क से जोड़ने का कार्य संभव हो पाया है। उन्होंने कहा की प्रदेश में भाजपा सरकार ने रोजगार सृजन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं।

प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष विधायक रितु खंडूड़ी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के कारण आज महिलाओं के स्वाभिमान की रक्षा हुई है। हर घर को शौचालय से जोड़ने के साथ देश में राम मंदिर का निर्माण भाजपा राज में ही संभव हो पाया है। लैंसडौन विधायक दलीप सिंह रावत ने कहा की उन्होंने 250 करोड़ रुपये की सड़कें व पुल बनवाएं है, जबकि बिजली, पानी समेत हर क्षेत्र में भाजपा ने विकास को नई गति दी है। संचालन जगमोहन सिंह रावत व जंग बहादुर सिंह रावत ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संपत सिंह रावत, जयहरीखाल मंडल अध्यक्ष किरण बौठियाल, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य भुवनेश्वर खंडेलवाल, पंकज रावत, सूर्यदेव शाह, राकेश देवरानी, विनोद जुयाल आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### प्रधानाचार्य चन्द्र भूषण बिजल्वाण को शिक्षा के क्षेत्र में किया गया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। दून के आईआरडीपी आडोटोरियम में आयोजित उत्तराखण्ड विकास प्रवर्तक सम्मान समारोह में पुरोला के उच्च प्राथमिक विद्यालय के विज्ञान शिक्षक व प्रधानाचार्य चन्द्र भूषण बिजल्वाण को शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ठ कार्यो के लिए सम्मानित किया गया।

### आप ने अपना कार्यालय खोला

**संवाददाता** पुरोला। आम आदमी पार्टी ने बुधवार को अपना कार्यालय नगर पंचायत पुरोला के वार्ड न 2 श्रीगुल मंदिर में कार्यालय खोल दिया है। आम आदमी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पुष्पा चौहान ने कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि भाजपा व कांग्रेस ने उत्तराखंड की जनता के साथ हमेशा छलावा किया है। इन्होने बारी,बारी से यहां की जनता को ठगने का कार्य किया है।

# भाजपा सरकार में हमेशा महिलाओं को दिया गया है समान

**संवाददाता** पुरोला। भाजपा महिला जिला मोर्चा के सम्मेलन में वक्ताओ ने भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव, गांव पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में हमेशा महिलाओ को समान दिया गया एवं उनके विकास हेतु कल्याणकारी योजनाएं तैयार की गई।

बुधवार को एक होटल में आयोजित भाजपा जिला महिला मोर्चा के सम्मेलन में समाज में महिलाओ की उल्लेखनीय



भूमिका,समाज के प्रति जागरूकता और सरकार में उनकी भूमिका पर भी चर्चा की गई। सम्मेलन में वक्ताओ ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी गांव गांव तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में ही आंगनबाड़ी,भोजन माता एवं आशाओ का मानदेय बढाने सहित अनेक कार्य किए है।

इस अवसर पर जिला प्रभारी नीरू देवी, राष्ट्रीय मंत्री महिला मोर्चा स्वराज विद्वान, जिलाध्यक्ष कृष्णा राणा,अमिता परमार,पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश चौहान, निवर्तमान विधायक राजकुमार,सतेंद्र राणा, सुलोचना गौड,विनोद असवाल, पवन नौटियाल आदि मौजूद थे।

### 'रूह कार्बेट की राज जंगल के' पुस्तक का विमोचन

**संवाददाता** हल्द्वानी। साहित्य महारथी पंडित विश्वंभर नाथ कौशिक समिति ,कानपुर के तत्वधान में जिम कॉर्बेट पार्क के टस्कर रिसॉर्ट में नीलांबर कौशिक की पुस्तक "रूह कार्बेट की राज जंगल के" का विमोचन किया गया । जिम कार्बेट के वन्य जीवन पर आधारित इस पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय कवि डॉ सुरेश अवस्थी द्वारा किया गया । पुस्तक विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता वन विभाग विचरण करने वाले गोपाल खन्ना द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ राकेश शुक्ला, पुस्तक रचयिता नीलांबर कौशिक ,साहित्य महारथी पंडित विश्वंभर नाथ शर्मा कौशिक एवं आशुतोष त्रिपाठी मंचासीन रहे ।

**कार्यालय नगर निगम, देहरादून।**
**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर निगम, देहरादून वर्ष 2021–22 में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य की सीलबन्द निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 28.12.2021 को 2.00 बजे आमंत्रित की जाती है, जो निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के कायो का विवरण एवं शर्त नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigamdehradun.com एवं कार्यालय नगर निगम, देहरादून के सूचना पट्ट एवं अभियन्त्रण अनुभाग में देखा जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि से 120 दिन की अवधि के लिए वेध रहेगी। निविदा फार्म व शर्ते नगर निगम, देहरादून के कार्यालय से दिनांक 28–12–2021 को कार्यालय दिवस में अपराहन 2.00 बजे तक आमंत्रित शुल्क जमा कराकर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा आमन्त्रण की तिथि पर अवकाश होने पर अगली तिथि पर निविदा की जायेगी। रक्षाधन, एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 एवं अन्य समकक्ष रूप में शुल्क जमा करने से पूर्व कार्यालय में जमा करानी अनिवार्य होगी। बिना रक्षाधन के निविदा प्रपत्र जारी नहीं किया जायेगा। किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम में निहित है।

| नि.सं. | कार्य का नाम | आंगणन राशि | रक्षाधन | निविदा मूल्य+ जी0 एस0टी0 | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1114 | जे0एन0यू0आर0एम0 के उपमिशन बी0एस0यू0पी0 योजनान्तर्गत निर्मित रामनगर मलिन बस्ती स्थिति फ्लैटों के मरम्मत/अनुरक्षण कार्य। | 2308325.00 | 46200.00 | 2480.00 | 3 माह |

नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, देहरादून।**

पत्रांकः 2022/निविदा दिनांकः16–12–2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, देहरादून द्वारा निम्नलिखित कार्यो की सील्ड निविदा दिनांक 27–12–2021 को आमंत्रित की जाती है। निविदा पप्रत्र दि0 21–12–2021 से दि0 26–12–2021 तक किसी भी कार्यदिवस में निम्न कार्यालयों में प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 27–12–2021 अपरान्ह 3.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं।

(1) प्रा0ख0 लो0नि0वि0 देहरादून (2) नि0ख0 लो0नि0वि0 देहरादून (13) अधी0 अभि0, 9वॉं वृत्त लो0नि0वि0 देहरादून (4) प्रा0ख0 लो0नि0वि0 हरिद्वार।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | निक्षेप मद के अन्तर्गत कालीदास मोटर मार्ग पर सीवर लाईन डालने के कारण क्षतिग्रस्त हिस्से मे रेस्टोरेशन का कार्य के अन्तर्गत मिट्टी भरान का कार्य (लम्बाई 1.250 कि0मी0) | 0.30 | 2000.00 + जी0एस0टी0 | 6 माह | 45 दिन | श्रेणी "डी" एवं उच्चतम (मार्ग कार्य हेतु) |

निविदा दि0 28–12–2021 को 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, देहरादून